दैनिक भास्कर 12
इंदौर, मंगलवार. 6 जनवरी, 2015

साइबर क्राइम ट्रेनिंग के लिए पीआरटीएस को राष्ट्रीय पुरस्कार

भास्कर संवाददाता | इंदौर

पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल (पीआरटीएस) पीआरटीएस को साइबर सुरक्षा को लेकर केपेसिटी बिल्डिंग के लिए डेटा सिक्युरिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (डीएससीआई) ने राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया है।

पीआरटीएस के डायरेक्टर व आईजी वरुण कपूर ने बताया डीएससीआई पिछले तीन सालों से देश में साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले सबसे बेहतरीन संगठनों को पुरस्कृत करता आ रहा है, जो इस क्षेत्र का सबसे अच्छा पुरस्कार माना जाता है। इस वर्ष पहली बार मध्यप्रदेश पुलिस की ओर से पीआरटीएस ने नॉमिनेशन फाइल किया था। डीएससीआई ने देश से आए सभी नॉमिनेशन की जांच के बाद पीआरटीएस को टॉप थ्री में सिलेक्ट किया और बाद में महाराष्ट्र के साथ संयुक्त विजेता के रूप में पीआरटीएस को पुरस्कृत किया है।

छोटी सी शुरुआत पहुंची राष्ट्रीय स्तर तक

पीआरटीएस में कुछ सालों पहले तक सिर्फ रेडियो पुलिस के जवानों और अधिकारियों को ट्रेनिंग देने का काम किया जाता था। किसी अधिकारी ने यहां सायबर सुरक्षा को लेकर कुछ करने के लिए कोई निर्देश नहीं दिए थे। आईजी कपूर ने यहां की टीम के साथ ट्रेनिंग शुरू किया, जो अब इस संस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर सायबर सुरक्षा के क्षेत्र में पहचान दिला चुकी है।